प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज में एकेटीयू ने स्थापित किया कलाम इन्नोवेशन केन्द्र

प्राविधिक शिक्षामंत्री श्री ओशुतोष टंडन एवं कुलपति एकेटीयू प्रो. विनय कुमार पाठक की उपस्थिति में हुआ समारोह

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 86 वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 15 अक्टूवर, 2017 को डॉ. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने संस्थान में कलाम नवोन्मेष केन्द्र, स्टार्टअप इनक्यूवेशन केन्द्र एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ स्थापित कर छात्र–छात्राओं की उद्यमिता शक्ति एवं प्रकृति की पहचान कर उन्हें स्वयं स्थापित कर राष्ट्र सेवा एवं देश के विकास हेतु काम करने के लिए प्रेरित एवं हर सम्भव मदद करने लिए एक विशेष प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है।

संस्थान के इनक्यूवेशन सेंटर के परामर्शदाता एवं इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सहायक आचार्य श्री टीएसएस सुब्रमनियम सैंथिल ने संस्थान की ओर से यह प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया और कहा कि यह इनक्यूवेशन केन्द्र नवोन्मेष एवं उद्यमिता की जरूरतों एवं शुरूआती दिक्कतों को दूर करने में निरंतर यहाँ अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की विशेष क्षमताओं को नित ऊँचाईयाँ देता रहेगा और यह केन्द्र डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं एवं भूतपूर्व छात्रों के भी हर सम्भव मदद करेगा। इस केन्द्र के माध्यम से संस्थान अनेक जागरूकता अभियानों के माध्यम से अनेक छात्रों एवं अध्यापकों में उद्यमिता शुरूआत विकास के विभिन्न पहलुओं एवं विशेषताओं को विकसित करता रहेगा। यह केन्द्र उद्यमिता

प्रारम्भ से अंत तक शिक्षण प्रशिक्षण देने में छात्रों एवं शिक्षकों की हर सम्भव मदद करता रहेगा।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने इस उपलब्धि को परिसर में उद्यमिता की शुरूआत एवं विकास हेतु संस्थान के लिए पारिस्थितिकी एवं बड़ा गौरव कहा और बताया कि संस्थान पहले से ही उत्तर प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री युवा योजना के अंतर्गत अनेक कौशल विकास एवं उद्यमिता पर गतविधियाँ कराता रहता है।

संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. वी.के.शर्मा ने कहा कि परिसर में स्थापित कलाम केन्द्र युवा मस्तिष्क में उद्यमिता की ओर रुझान विकसित कर उन्हें एकेटीयू द्वारा समर्थित अनेक कार्यक्रमों की ओर सुगमता से प्रेरित करता रहेगा साथ ही प्रतिकृति मॉडल्स विकसित करने में भी मदद करेगी। यह केन्द्र अन्य संस्थानों एवं अभिकरणों के मध्य एकीकरण एवं सहभागिता के रास्ते भी प्रशस्त करता रहेगा।

पी. के. शर्मा
मीडिया प्रभारी